दिन– सोमवार दिनांक– 17 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।
अवधिः– 15 मिनट

---

01. पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस से रंगपानी स्टेशन पर एक मालगाड़ी के टकराने से तीन रेलवे अधिकारियों सहित नौ लोगों की मौत। पचास से अधिक घायल।

02. हादसे के बाद कटिहार रेल मंडल अंतर्गत बारसोई–न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन बाधित। रेल गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा हैं।

03. प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। राज्य के कई जिलों में आज भी भीषण लू की स्थिति बनी रही।

04. और, प्रदेश में ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

————————————————————————————

पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस के एक मालगाड़ी से टकराने से आज नौ लोगों की मृत्यु हो गई और पचास अन्य घायल हो गये। यह दुर्घटना आज सवेरे न्यू जलपाईगुडी रेलवे स्टेशन के पास हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मालगाडी, सिग्नल से आगे निकल गई और कंचनजंगा एक्सप्रेस के पिछले हिस्से से टकरा गई। गाडी के पिछले हिस्से में दो पार्सल वैन और गार्ड कोच लगे थे। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा ने कहा है कि हादसे में मालगाडी के चालक और सह–चालक तथा कंचनजंगा एक्सप्रेस के गार्ड की मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि घायलों को उत्तरी बंगाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

––– बाईट –––

जो गुड्स ट्रेन थी उसके ड्राइवर और असिस्टेंट ड्राइवर की भी जान चली गई है। जो कंचनजंगा के गार्ड्स थे उनकी भी जान चली गई है इस हादसे में। रेस्क्यू कंप्लीट हो गया है। जितने भी इंजर्ड लोग थे उनको वहां के बंगाल मेडिकल कॉलेज सिलिगुड़ी में वहां पहुंचा दिया गया है। और उनको सारी सहायता दी जा रही है सारी मेडीकल ऐड जा रही है। हमारा सबसे पहले काम यही है कि जितने भी लोग इंजर्ड हैं। उनको बेस्ट मेडिकल –– मिले और उनकी जान बचाई जा सके।

श्रीमती जया वर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच में मालगाड़ी के ड्राइवर द्वारा सिग्नल की अनदेखी सामने आई है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के तुरंत बाद सवेरे आठ बजकर 55 मिनट पर बचाव अभियान शुरू हो गया। हादसे के बाद रेल मंत्री अश्विनी

वैष्णव ने घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन बहाल करने का कार्य तेजी से चल रहा है।

——— बाईट ———

घटना स्थल कटिहार रेल मंडल क्षेत्र में पड़ता है। रेल प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि हादसे के बाद बारसोई—न्यू जलपाईगुड़ी रेल सेक्शन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित है। रेल हादसे के कारण डिब्रुगढ—नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस और हावड़ा—न्यूजलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस सहित नौ रेलगाड़ियों को परिवर्तित रेलमार्ग न्यूजलपाईगुड़ी—सिलीगुड़ी—बागडोगरा—अलुआबाड़ी के रास्ते चलाया जा रहा है। पूर्व—मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि कामाख्या गया एक्सप्रेस, कामाख्या—आनन्द विहार नॉर्थ—इस्ट एक्सप्रेस, कामाख्या—ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस सहित कुछ अन्य गाड़ियों को वन्यूजलपाईगुड़ी—सिलीगुड़ी—बागडोगरा—अलुआबाड़ी के रास्ते चलाया जा रहा है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रेल दुर्घटना पर गहरा शोक जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस रेल दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतको के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो—दो लाख रूपये और घायलों को पचास—पचास हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परसों बिहार का दौरा करेंगे। वे गया हवाई अड्डे पर उतरने के बाद राजगीर जायेंगे। श्री मोदी सुबह नालंदा के अवशेषों का दौरा करेंगे। इसके बाद वे राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। नालंदा विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के देशों के बीच एक संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन समारोह में सत्रह देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी। लगभग सोलह सौ वर्ष पहले

स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय को दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालयों के रूप में से जाना जाता है। दो हजार सोलह में नालंदा के खंडहरों को संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थल घोषित किया गया था।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीस जून को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने के बाद मन की बात कार्यक्रम का यह पहला एपिसोड होगा। श्रोता टोल फ्री नम्बर **एक आठ शून्य शून्य–एक एक–सात आठ शून्य शून्य** के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या **माइ जीओवी ओपन फोरम** के माध्यम से भी लोग ऑनलाइन अपने विचार साझा कर सकते हैं। अट्ठाईस जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को सात निश्चय–दो के अन्तर्गत सरकारी नौकरी और रोजगार देने के निर्धारित लक्ष्य को मिशन मोड में पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके तहत 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार द्वारा अब तक 5 लाख 16 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। और एक लाख 99 हजार सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्ति हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। अगले तीन महीने में नियुक्ति पत्र वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति हेतु आयोजित परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने और परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता और प्रश्न पत्र लीक न हो इसको लेकर एक सख्त कानून बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी विधानसभा के सत्र में लाया जायेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में पीएम–किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बीस हजार करोड़ रुपये वितरित करेंगे। इसेके तहत

नौ करोड़ छब्बीस लाख लाभार्थी किसानों को किस्त की रकम सीधा उनके खाते में भेजी जायेगी। एक रिपोर्ट–

––– बाईट –––

इस योजना के तहत अब तक 11 करोड़ से ज्यादा किसान परिवारों को तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का लाभ मिल चुका है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री कल शाम वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती देखेंगे और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन भी करेंगे। **प्रधानमंत्री 19 तारीख को बिहार का दौरा करेंगे। वह नालंदा में विश्वविद्यालय के परिसर का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे जनता को भी संबोधित करेंगे। विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन समारोह में 17 देशों के मिशन प्रमुखों सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होंगी।** समाचार कक्ष से मुकेश कुमार बल।

———————————————————————————————

बेगूसराय के नव निवार्चित सांसद और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की जीत के बाद बेगूसराय में एनडीए कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने अपनी जीत में सहयोग करने के लिए गठबंधन के घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। श्री सिंह ने कहा कि उनकी जीत में जीविका दीदियों का भी काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

––– बाईट –––

इधर, गया के नव निर्वाचित सांसद और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटना में भव्य स्वागत किया। उन्होंने यह कहा कि वे लोगों के आकाक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

---

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया और नवादा जिले सहित कई स्थानों पर आज भी भीषण लू की स्थिति बनी रही। पटना, नालंदा और जमुई जिलों में भी भीषण गर्मी से राहत नहीं है। कई स्थानों पर अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि सत्रह जिलों में लू की स्थिति बनी रही।

––– बाईट –––

किशनगंज, पूर्णियां, अररिया, सहरसा, के अलावा दक्षिण–पूर्व बिहार के कई हिस्सों में आज हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। इधर, प्रदेश में मॉनसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां नहीं बन रही है। इसके चलते राज्य में मॉनसून के देर से पहुंचने की संभावना है।

---

इधर, भीषण गर्मी को देखते हुए पटना जिले में स्कूलों में दो दिन की छुट्टी बढ़ा दी गई है। पटना के जिलाधिकारी ने अठारह और उन्नीस जून को जिले में आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूल बंद रखने के आदेश दिए हैं। इस दौरान शिक्षक और शिक्षेकतर कर्मियों को कार्यालय संबंधी कार्य के लिए स्कूल आना होगा।

---

त्याग और बलिदान का त्योहार ईद–उल–अजहा यानि बकरीद आज पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। पटना के गांधी मैदान समेत प्रदेश की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। बकरीद को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। प्रशासन सोशल मीडिया को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहा है। बकरीद के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————————————

जमुई के श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम में आज से सीनियर महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसमे आठ टीमें भाग ले रही है। इसका आयोजन बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से किया जा रहा है। एसोसिएशन गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाजी महिला खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में बिहार का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

——— बाईट ———

जमुई में शुरु प्रतियोगिता का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सुमित कुमार सिंह ने किया।

———————————————————————————————————

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने निःशुल्क आधार अपडेट कराने की समय सीमा तीन महीने के लिए बढ़ा दी है। अब लोग चौदह सितम्बर तक निःशुल्क ऑनलाइन आधार कार्ड अपडेट करा सकते हैं।

———————————————————————————————————

मुंगेर पर्यवेक्षण गृह से चार किशोर सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर फरार हो गए। फरार किशोर में तीन लखीसराय जिले के और एक मुंगेर का रहने वाला है।

———————————————————————————————————

बेगूसराय में वाहन चेकिंग के दौरान हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक पिस्तौल और दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है।

———————————————————————————————————

01. पश्चिम बंगाल में सियालदाह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस से रंगपानी स्टेशन पर एक मालगाड़ी के टकराने से तीन रेलवे अधिकारियों सहित नौ लोगों की मौत। पचास से अधिक घायल।

02. हादसे के बाद कटिहार रेल मंडल अंतर्गत बारसोई–न्यू जलपाईगुड़ी मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन बाधित। रेल गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाए जा रहे हैं।

03. प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। राज्य के कई जिले में आज भी भीषण लू की स्थिति बनी रही।

04. और, प्रदेश में ईद उल अजहा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

समाप्त हुआ।